बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या 09

पटना
दिनांक 6/2/2001

सेवा में,

मुख्य सचिव,
बिहार, पटना ।

विषय:- मुख्य सचिव के पत्रांक 899 दिनांक 28-10-2000 का अनुपालन नहीं होने तथा डा० मुन्नी दास, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गोराडीह भागलपुर के साथ माननीय विधायक श्री रबीन्द्र तांती द्वारा किये गये मारपीट की जानकारी देने हेतु संघ के शिष्टमंडल को समय देने के संबंध में ।

महाशय,

हड़ताल के समय मुख्य मंत्री के साथ हुई वार्ता जिसमें आप भी मौजूद थे के परिणाम स्वरूप मुख्य सचिव द्वारा निर्गत पत्र का अनुपालन न होने के विरोध में आपको अभ्यावेदन देते हुए उचित कारवाई अविलम्ब करने का अनुरोध हमने किया था । पत्र के अनुसार अनुपालन 31-12-2000 तक होना था पर खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि एक भी बिन्दु का अनुपालन अभी तक नहीं हुआ । जनवरी 2001 के प्रथम सप्ताह में उच्च स्तरीय बैठक कर समीक्षा करना था वह भी नहीं हो पाया।

हमने आपसे शिष्टाचारवश मिलकर जानकारी देने हेतु समय की मांग की थी लेकिन लगता है कि आपने अतिव्यस्त होने के कारण हमें समय नहीं मिल पाया । संघ ने मुख्य सचिव के रूप में अपने सबसे बड़े अभिभावक से मार्गदर्शन की अपेक्षा की थी कि संघ को अब इस विषम परिस्थिति में क्या करना चाहिए, क्योंकि आन्दोलन की बात भी करने से कार्मिक विभाग नाराज होता है और नाराजगी किस हद तक है उसका अन्दाजा आपको स्वयं भी है । पुनः संघ आपसे मार्गदर्शन की

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू॰ एन॰ सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी॰ एल॰ दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक..............................

अपेक्षा करता है कि हमें और कितने धैर्य की परीक्षा देनी होगी, कृपया मार्गदर्शन करें ।

डा० मुन्नी दास, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गोराडीह,भागलपुर के साथ जो घटना घटी है मैं समझता हूँ कि राज्य प्रशासन के मुखिया होने के नाते आप भी हमसे कम दु:खी नहीं होंगे । आये दिन जो घटनायें प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ हो रही है उससे आप अवश्य ही चिन्तित होंगे । हमारा संघ ने इसे गंभीरता से लिया है, ले रही है । अभी जो स्थिति प्रखण्ड से लेकर सचिवालय स्तर तक में बन चुकी है आप भी इसे गंभीरता से ले रहे होंगे । संघ का अनुरोध है कि इस पर ठोस कार्रवाई अविलम्ब की जाय ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके ।

पत्रांक 899 दिनांक 28-10-2000 के अनुपालन नहीं होने तथा डा० मुन्नी दास के साथ हुई घटना के संबंध में संघ का 5 सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल आपसे मिलने का समय चाहता है । कृपया अपने व्यस्त कार्यक्रमों में से कुछ समय हमें भी देने की कृपा करें ताकि संघ के सदस्यों की आहत भावनाओं से आपको अवगत कराया जा सके । साथ ही साथ उक्त बैठक में गृह आयुक्त एवं कार्मिक सचिव को रखने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,

गंगाधर लाल दास 7.2.2001

[जी०एल० दास]
महासचिव ।

[डब्लू० एन० सिंह]
अध्यक्ष ।